तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर अहकाम हुक्म में
19/3/25	पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी उप.। प्रतिवादीगण Reg. Ad. रसीदें व ट्रैक रिपोर्ट अनुसार तामिल मानी जाती है। आज दिनांक तक उपस्थित नहीं। इनके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जाती है। वास्ते बहस हेतु पत्रावली आइन्दा दिनांक 15/4/2025 को पेश हो। सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रैक) जोधपुर पुनश्च: इतना लिखते ही वकील प्रार्थी बहस हेतु तैयार हुए। बहस वकील प्रार्थी सुनी गई। पत्रावली वास्ते आदेश सुनाने आइन्दा दिनांक 15/4/25 को पेश हो। सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रैक) जोधपुर	
15/4/25	पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी उपस्थित। पत्रावली का अवलोकन किया गया। विस्तृत वाद पत्रावली का ध्यानपूर्वक अध्ययन किया गया तथा बहस वकील प्रार्थी पर मनन किया गया तथा अंकित विधिक प्रावधानों का अध्ययन किया गया। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत धारा 5 म्याद अधिनियम के बिंदु को सर्वप्रथम निर्धारित करना आवश्यक रहता है। प्रार्थी द्वारा धारा 5 म्याद अधिनियम में स्थापित अंकित कथनों पर विवाद	

FORM No. 123
(Order 24 Rule 7, Order 32 Rule 3)

Order Sheet

सहायक कलक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट (फास्ट ट्रेक), जोधपुर at .... CNR NUMBER 2023/442

Kind of the Case U/S - 09 R9 CPC

Number of Case C/01/ Year 2023

मोटनराम .... Versus जेराम उर्फ [illegible]

Order with initials of Presiding Officer	Brief note of compliance of the Order
करते हुऐ हस्तगत प्रार्थना-पत्र बाबत रेस्टोरेशन प्रा-पत्र अन्तर्गत 09 R 9 CPC पेश करने में हुई देरी के कारणों को पर्याप्त, युक्तियुक्त एवं विश्वसनीय मानते हुए प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 5 म्याद अधिनियम स्वीकार किया जाकर प्रार्थना-पत्र पेश करने मे हुई देरी को कण्डोन किया जाता है। प्रार्थी द्वारा मूल वाद अदम हाजरी अदम पैरवी में खारिज होने से हस्तगत प्रा-पत्र अन्तर्गत 09 R 9 R/w Sec 151 CPC प्रस्तुत कर प्रार्थी/वादी के मानसिक रूप से स्वस्थ न होने के कारण साक्ष्य वादी में उपस्थित न होने के कथन कर वाद पुनः नम्बर पर लिये जाने का निवेदन किया गया। हमने प्रार्थी के शपथ किये कथनों पर विश्वास करते हुए पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात का अवलोकन किया गया। प्रार्थी के कथनों का किसी प्रकार का मौखिक अथवा लिखित खण्डन पत्रावली पर उपलब्ध	

Order Sheet (Subsequent)

CNR NUMBER 2023/442

सहायक कलक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट (फास्ट ट्रेक), जोधपुर

Number of Case C/01/ Year 2023

मोहनराम Versus जैराम उर्फ जयराम व अन्य

U/S - 09R9 R.T.A. 1955

Date	Order with initials of Presiding Officer	Brief note of
	नहीं है। अतः हमारे विनम्र अभिमत में प्रकरण का गुणावगुण पर निर्णय करने हेतु तथा वादी के पूर्व अनुपसंजाति के कारण को न्यायहित में पर्याप्त हेतुक मानते हुए प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना उचित रहेगा। अतः उपर्युक्त विवेचन के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना-पत्र अन्तर्गत धारा 5 म्याद अधिनियम एवं प्रा. पत्र अन्तर्गत आदेश 9 नियम 9 सपठित धारा 151 CPC स्वीकार किया जाता है। मूल वाद पुनः नम्बर पर लिया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो। सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक) जोधपुर सहायक कलक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट (फास्ट ट्रेक) जोधपुर	